प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**19.05 भाुक्रवार** **दिनांक 22.03.2024**

><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**और अब पेश है आज के मुख्य समाचारः–**

1– लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजनीतिक गतिविधियां तेज–मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव में विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए–कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर में पदाधिकारियों की ली बैठक।

2– राज्य में लोकसभा चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक दो करोड़ चौरासी लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त।

3– प्रदेशभर में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।

**और**

4– छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने जारी किए राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार तेईस के परिणाम।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**भाजपा / कांग्रेस**

मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता विष्णुदेव साय आज राजनांदगांव में आयोजित भाजपा के विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में शामिल हुए। सम्मेलन को संबोधित करते हुए श्री साय ने तीन महीने की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा कि हमारी सरकार बनते ही मोदी की गारंटी को पूरा करने का काम किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी की हर गारंटी पूरी होगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद और भाजपा प्रत्याशी संतोष पांडेय तथा पूर्व सांसद मधुसूदन यादव ने कांग्रेस पर निशाना साधा।

इधर, छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने आज राजधानी रायपुर स्थित पार्टी के प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में प्रदेश कांग्रेस समिति के सभी मोर्चा, प्रकोष्ठों और विभागों के प्रमुख की बैठक ली। बैठक में लोक सभा समन्यवक और रायपुर लोक सभा के नौ विधानसभा क्षेत्रों के कांग्रेस पदाधिकारी भी विशेष रूप से शामिल हुए। बैठक में श्री पायलट ने राजीव भवन रायपुर में लोकसभा चुनाव की तैयारियों की समीक्षा की।

इस बीच, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व महामंत्री अरूण सिसोदिया को पार्टी ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है।

**<u>लोकसभा चुनाव–नामांकन</u>**

आगामी लोकसभा चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया जारी है। इस बीच, प्रदेश की बस्तर लोकसभा सीट के लिए आज दो प्रत्याशियों ने नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया। इनमें भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के फूलसिंग कचलाम और बहुजन समाज पार्टी के आयतुराम मंडावी शामिल हैं।

गौरतलब है कि प्रदेश की बस्तर लोकसभा सीट के लिए पहले चरण के तहत आगामी उन्नीस अप्रैल को मतदान होगा। इसके लिए शासकीय अवकाश के दिनों को छोड़कर आगामी 27 मार्च तक नामांकन दाखिल किया जा सकता है।

**<u>निर्वाचन–तैयारी</u>**

भारत निर्वाचन आयोग ने बस्तर लोकसभा क्षेत्र के लिए आशुतोष प्रधान को व्यय प्रेक्षक नियुक्त किया है। श्री प्रधान भारतीय राजस्व सेवा के दो हजार नौ बैच के अधिकारी हैं। व्यय प्रेक्षक श्री प्रधान ने आज जगदलपुर में

निर्वाचन व्यय लेखा मॉनिटरिंग दलों की बैठक ली। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को अंतरराज्यीय सीमाओं पर विशेष चौकसी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही उन्होंने बस्तर जिला पंचायत कार्यालय में स्थापित निर्वाचन व्यय लेखा सेल, विभिन्न निगरानी टीमों तथा मीडिया प्रमाणन और अनुवीक्षण समिति के मीडिया सेंटर का अवलोकन कर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

इस बीच, निर्वाचन आयोग ने कोरबा संसदीय सीट के कोरबा विधानसभा क्षेत्र के दो सौ उनचास बूथों में महिला कर्मियों की ड्यूटी लगाने का निर्णय लिया है। जिला निर्वाचन अधिकारी अजीत बसंत ने बताया कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए कोरबा विधानसभा क्षेत्र के बूथों में महिलाओं की ही ड्यूटी लगाई जाएगी। इसके लिए एक हजार से अधिक महिला कर्मियों की तैनाती की जाएगी।

## निर्वाचन आयोग–जब्त

राज्य में लोकसभा आम चुनाव के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से अब तक दो करोड़ चौरासी लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा निगरानी के दौरान कल इक्कीस मार्च तक पंचानवे लाख रुपए की नगद धन राशि जब्त की गई है। वहीं, इसी अवधि में सोलह लाख रूपए की सात हजार लीटर से अधिक अवैध शराब भी जब्त की गई है। इसके अलावा बयानवे लाख रुपए के तीन सौ छियालीस किलोग्राम मादक पदार्थ तथा बावन लाख रुपए के आठ सौ चालीस ग्राम आभूषण भी जब्त किए गए हैं।

## मतदाता–जागरूकता

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर प्रदेशभर में मतदाता जागरूता कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। इसी कड़ी में सरगुजा कलेक्टर और जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोस्कर की विशेष पहल पर शुक्रवार को पहाड़ी कोरवा बाहुल्य ग्राम मलगवां खुर्द में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें कॉलेज और एनएसएस के छात्र–छात्राओं ने लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया। वहीं, शासकीय माध्यमिक शाला परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने उपस्थित पहाड़ी कोरवा मतदाताओं को मतदान करने की शपथ दिलाई।

उधर, धमतरी जिले के ग्राम भरदा की महिलाओं ने गांव में मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इस दौरान महिलाओं ने सशक्त लोकतंत्र में मत का महत्व बताते हुए लोगों को मतदान के लिए प्रेरित किया। वहीं, जिले के ग्राम मटियाबाहरा, बिलभदर और डोंड़की में मनरेगा मजदूरों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई।

इधर, मोहला–मानपुर–अंबागढ़ चौकी जिले नक्सल प्रभावित मानपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम भर्रीटोला में आज तिरंगा संकुल संगठन की महिलाओं द्वारा मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर बिहान कर्मचारियों के नेतृत्व में संगठन की महिलाओं ने रैली निकालकर लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

**पीएससी–परिणाम**

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने राज्य सेवा प्रारंभिक परीक्षा–दो हजार तेईस के परिणाम जारी कर दिए हैं। इस बार संघ लोक सेवा आयोग की तर्ज पर मुख्य परीक्षा के लिए अर्हता प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों के अनुक्रमांक और नाम के साथ ही वर्गवार और उपवर्गवार कटऑफ नंबर भी घोषित किए गए हैं। आयोग द्वारा जारी परिणाम में मुख्य परीक्षा के लिए कुल तीन हजार पांच सौ संतानवे अभ्यर्थियों ने अर्हता प्राप्त की है।

गौरतलब है कि राज्य लोक सेवा आयोग द्वारा दो सौ बयासी पदों पर भर्ती के लिए ग्यारह फरवरी दो हजार चौबीस को प्रारंभिक परीक्षा ली गई थी। इसके लिए एक लाख अंठावन हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने ऑनलाइन आवेदन किया था।

**बातों–बातों में**

श्रोताओं, प्रादेशिक समाचार एकांश का समसामयिक विषयों पर आधारित कार्यक्रम ''बातों–बातों में'' इस बार **लोकसभा निर्वाचन के विभिन्न पहलुओं पर छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबासाहेब कंगाले** से ली गई भेंटवार्ता प्रसारित की जाएगी। यह कार्यक्रम आकाशवाणी केंद्र रायपुर से कल तेईस मार्च को सुबह साढ़े दस बजे से प्रसारित होगा। इसे छत्तीसगढ़ स्थित आकाशवाणी के सभी केंद्र रिले करेंगे।

**शांति समिति–बैठक**

रंगों का पर्व होली आगामी पच्चीस मार्च को मनाया जाएगा। त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन मुस्तैद हो गया है। इसी कड़ी में रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला और पुलिस प्रशासन ने कलेक्टोरेट में शांति समिति की बैठक ली। बैठक में सभी समाज के प्रमुख नागरिक शामिल हुए। उन्हें होली व अन्य त्यौहारमद्देनजर शांतिपूर्ण तरीके से मनाने के निर्देश दिए गए। इस दौरान समाज प्रमुखों ने भी अपने–अपने सुझाव रखें और अधिकारियों ने गंभीरता से विचार करने की बातें कहीं। बैठक के दौरान होलिका दहन मुहूर्त के अनुसार रात साढ़े बारह तक करने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही बताया गया कि होली के दौरान अस्त्र–शस्त्र के उपयोग और प्रदर्शन के साथ ही डीजे और मुखौटे पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। वहीं, तेज रफ्तार और शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसी तरह, सक्ती तथा बेमेतरा सहित विभिन्न जिलों में भी शांति समिति की बैठक लेकर होली का पर्व शांति और सद्भाव के साथ मनाए जाने की समझाईश दी गई।

**<u>ई–कोष बिल</u>**

छत्तीसगढ़ के सभी कोषालयों में अधिकारी–कर्मचारियों के वेतन बिल के अलावा अन्य बिलों को भी अब ई–कोष के माध्यम से ऑनलाईन स्वीकृति दी जाएगी। इसके लिए वित्त विभाग द्वारा तैयारी शुरू कर दी गई है। इसके तहत सभी विभागों के आहरण संवितरण अधिकारियों को कोषालय में ऑनलाईन बिल भेजने के लिए डिजिटल सिग्नेचर की सुविधा भी दी जा रही है। बिलों की मंजूरी की पूरी प्रक्रिया ऑनलाईन होने से कामकाज आसान होगा। साथ ही बिलों की स्वीकृति तेजी से मिलेगी।

**<u>कलेक्टर–वेतन कटौती</u>**

रायपुर कलेक्टर डॉक्टर गौरव सिंह ने कल कलेक्टोरेट और संबंधित कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कुछ अधिकारी–कर्मचारी कार्यालयीन समय पर अनुपस्थित पाए गए। कलेक्टर ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों का एक दिन का असाधारण अवकाश घोषित करते हुए वेतन काटने के निर्देश दिए। साथ ही कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी और जिला मुख्य स्वास्थ्य अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

**<u>हैंडबॉल/बैडमिंटन प्रतियोगिता</u>**

बावनवीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल प्रतियोगिता का आयोजन उत्तरप्रदेश के हॉथरस में किया गया। इस प्रतियोगिता में भारतीय रेलवे की महिला हैंडबाल टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीता। भारतीय रेलवे की विजेता टीम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की पांच महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इनमें काजल, निकी, पंकज, गौरव और मीनू शामिल हैं।

वहीं, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर में जूनियर क्लर्क के पद पर कार्यरत मधु वेदवान ने तीसरी खेलो इंडिया नेशनल रैंकिंग महिला तीरंदाजी टूर्नामेंट में दूसरा स्थान प्राप्त किया है।

उधर, हैदराबाद में आयोजित सोलहवीं आल इंडिया बैडमिंटन चैंपियनशिप में डीएसपी अंजली और डीएसपी रमेश येरेवार की जोड़ी ने बैडमिंटन मिक्सड डबल में कांस्य पदक प्राप्त किया है। इससे पूर्व इंस्पेक्टर प्रमिला मंडावी ने महिला सिंगल्स में रजत पदक प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में देश के सभी राज्यों की एनएसजी, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, बीएसएफ, एसएसबी और रेलवे की टीमों ने भाग लिया है।

**कोंडागांव–मेला मड़ई**

कोण्डागांव जिले में पारंपरिक मेला–मड़ई के तीसरे दिन कल रात एनसीसी मैदान में पारंपरिक आदिवासी नृत्य का आयोजन किया गया। इस दौरान कोण्डागांव के साथ–साथ नारायणपुर जिले के लगभग पच्चीस आदिवासी लोक नृत्य दलों ने पारंपरिक नृत्य का प्रदर्शन किया। आदिवासियों ने लोक नृत्य के माध्यम से अपनी परंपरा और जीवन की मुख्य पहलुओं का प्रदर्शन किया। खरीफ की फसल कट जाने के बाद क्षेत्र के ग्रामीण देवी–देवताओं के समक्ष नृत्य करते हैं। इस दौरान लोक नर्तक दलों को पुरस्कृत भी किया गया, जिसमें पहला पुरस्कार फरसगांव के कोटपाड़, द्वितीय पुरस्कार नुंगाली और तीसरा पुरस्कार रेंगागोंदी के लोक नर्तक दलों को दिया गया।

गौरतलब है कि जिला मुख्यालय कोण्डागांव में लगभग 700 वर्षों से पारंपरिक वार्षिक मेला उत्सव का आयोजन किया जाता है। उत्सव की शुरूआत पहली रात निशा जात्रा के तहत मावली माता मंदिर की पूजा के साथ होती है। दूसरे दिन देव मेला का आयोजन होता है, जिसमें 22 पाली से आए देवी देवता भ्रमण कर मेला–मड़ई का शुभारंभ करते हैं।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>